भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 769

उत्तर देने की तारीख : 07.12.2023

अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई धनराशि

769. **श्री राजेन्द्र अग्रवाल:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विभिन्न शैक्षिक सशक्तिकरण योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के मेरठ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को कितनी धनराशि जारी की गई है;

(ख) क्या उक्त योजनाओं के अंतर्गत जारी की गई निधि का उपयोग कर लिया गया है;

(ग) यदि हां, तो उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं अथवा शीघ्र ही प्राप्त किए जाने की संभावना है; और

(घ) इसके अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में कमी होने के क्या कारण है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): सरकार विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के माध्यम से अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों सहित हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू करती आ रही है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए देशभर में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को विशेष रूप से लागू किया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित छात्रवृत्ति योजनाएं अर्थात् (i) मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति, (ii) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, (iii) मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं हैं, जिसमें धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है, इसलिए इसका पूरा उपयोग किया गया और लक्ष्य हासिल करने में कोई कमी नहीं आई। पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश में अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के तहत जारी की गई निधि का जिलेवार विवरण मंत्रालय की वेबसाइट यानी https://www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

*****